संपादकीय

ट्विटर पर अफगान संग्राम

अब ट्विटर राजनयिक महत्ता के विचित्र दौर में पहुंच गया लगता है। गंभीर राजनयिक द्वंद्व के लिए शायद ही किसी राष्ट्राध्यक्ष ने ट्विटर को इस तरह से इस्तेमाल करने की सोची होगी, जैसा कि डोनाल्ड ट्रंप और इमरान खान ने कर डाला। ट्रंप के ट्वीट के जवाब में पाक प्रधानमंत्री इमरान खान ने सिद्ध कर दिया कि यह राम मिलाई जोड़ी ही है। अमेरिका ने आरोप लगाया कि 'ये हमारा पैसा खाते हैं परंतु हमारे लिए कुछ भी नहीं करते।' इस पर इमरान खान ने कहा कि 9/11 के आ मण में कोई भी पाकिस्तानी नहीं था और पाक ने हमेशा से अमेरिका के आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में उनका साथ दिया। करीब 75 हज़ार पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में मारे गए और पाक ने लगभग 123 अरब डॉलर का नुकसान सहा है जबकि यूएस की सहायता बस 20 अरब डॉलर की थी। इमरान को मालूम हैं कि अमेरिका पाक को गंभीरता से नहीं लेता। इमरान खान के कथनानुसार अमेरिका को आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है तो पाक को भी कहीं ज्यादा आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। जिन लोगों ने वायु यानों को अपहृत किया था उनमें से कोई भी पाकिस्तानी नहीं था। परंतु उनका मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद कराची में बैठा हुआ था।

दरअसल, ओसामा के अलावा अलकायदा के बड़े आतंकवादी या तो पाक में मारे या गिरफ्तार किए गए। आखिर सभी आतंकवादियों की शरणगाह पाकिस्तान ही क्यों होता है। अफगानिस्तान में सेना से लड़ रहे तालिबानियों को शिक्षा पाक में ही क्यों मिलती है। जबकि अफगानिस्तान के लिए उसके पड़ोसी ने समस्याएं ही ज्यादा खड़ी की हैं। इस विवाद का अंत यह हुआ कि अमेरिका की ओर से पाकिस्तान को दी जाने वाली आर्थिक सहायता बंद कर दी गई। परंतु यह कार्रवाई एक ऐसे नाजुक समय पर हुई जब अफगानिस्तान में शांति वार्ता चल रही है। तालिबान के नेता रूस और अमेरिका दोनों से शांति वार्ता कर रहे हैं। कतर और मास्को की वार्ता का अंत शांतिपूर्ण होने की उम्मीद कम है। क्योंकि पाकिस्तान में बैठे तालिबान के कमांडर पाकिस्तान की सरकार के अनुसार ही व्यवहार करते हैं।

सैमसंग में काम करने वाले 240 कर्मचारियों को हुआ

नई दिल्ली। मोबाइल हैंडसेट निर्माण क्षेत्र में दुनिया की नंबर 1 कंपनी सैमसंग ने उन तमाम कर्मचारियों और उनके परिवार से माफी मांगी है, जो सैमसंग के सेमी कंडक्टर निर्माण संयंत्र में काम करने के दौरान कैंसर की चपेट में आ गए थे. दक्षिण कोरियाई कंपनी ने कैंसर की चपेट में आए सभी कर्मचारियों से माफी मांगने के साथ-साथ उन्हें 15 करोड़ वोन(तकरीबन 96 लाख रुपए) देने का फैसला किया है. कंपनी द्वारा माफी मांगने के बाद कर्मचारियों के साथ चल रहा विवाद खत्म हो गया है. सैमसंग में काम करने वाले कर्मचारियों को कैंसर सैमसंग इलैक्ट्रॉनिक्स के सेमीकंडक्टर बनाने वाली फैक्ट्रियों में काम करने वाले 240 कर्मचारियों के कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आने के बाद कंपनी ने माफी मांगी है.

सैमसंग के को-प्रेसिडेंट किम की-नाम ने शुक्रवार को कैंसर की चपेट में आए सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों से माफी मांगते हुए कहा कि हम सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों से बेहद गंभीरता के साथ माफी मांगते हैं. उन्होंने कहा कि हम सेमी-कंडक्टर और एलसीडी निर्माण संयंत्रों में स्वास्थ्य जोखिमों के प्रबंधन में विफल साबित हुए हैं. कंपनी ने किया मुआवजे का ऐलान मामला सामने आने के बाद मामला कोर्ट में पहुंच गया था. जिसके बाद कंपनी ने इसके लिए माफी मांगी. कंपनी ने कैंसर से ग्रसित सभी मजदूरों को 96 लाख रुपए मुआवजे के तौर पर देने की घोषणा की है. इस माफी और मुआवजे की घोषणा के साथ ही एक दशक से ज्यादा समय से चल रहा विवाद अब खत्म हो गया है. 240 लोगों कैंसर से ग्रसित दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल फोन निर्माता कंपनी सैमसंग के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले कारखाने में काम करने वाले करीब 240 कर्मचारी काम के दौरान ही बीमार पड़ गए. 1984 से जुड़े इस मामले का खुलासा साल 2007 में हुआ.

फिर सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल, कंपनियों ने लगातार की कीमतों में कटौती

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की घटती कीमत का असर स्थानीय बाजार में भी दिखाई दे रहा है. पेट्रोल और डीजल के दाम में सोमवार को लगातार पांचवे दिन गिरावट आई. दिल्ली में सोमवार को पेट्रोल के रेट में 35 पैसे और डीजल में 41 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई. इंटरनेशनल मार्केट में पिछले एक महीने से तेल में नरमी का फायदा उपभोक्ताओं को मिल रहा है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार सोमवार को दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के भाव क्रमशः 74.49 रुपये, 76.47 रुपये, 80.03 रुपये और 77.32 रुपये प्रति लीटर दर्ज किए गए.

पेट्रोल में 35 पैसे की कटौती

वहीं डीजल के भाव की बात करें तो दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में क्रमशः 69.29 रुपये, 71.14 रुपये, 72.56 रुपये और 73.20 रुपये प्रति लीटर दर्ज किए गए. तेल कंपनियों ने सोमवार को दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल में 35 पैसे और चेन्नई में 37 पैसे प्रति लीटर की कमी की है.

रिलायंस जियो ने अब इस मामले में मारी बाजी, वोडाफोन-आइडिया को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के मामले में रिलायंस जियो शीर्ष पर रही है. इस अवधि में जियो का एजीआर 8,271 करोड़ रुपये रहा है. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है.

ट्राई के ताजा आंकड़ों के अनुसार हाल में विलय करने वाली वोडाफोन-आइडिया का एजीआर या मोबाइल सेवाओं से आय 7,528 करोड़ रुपये रही है. भारती एयरटेल 6,720 करोड़ रुपये के एजीआर के साथ तीसरे स्थान पर रही है. सरकार का दूरसंचार कंपनियों से लाइसेंस और अन्य शुल्कों से मिलने वाला राजस्व हिस्सा एजीआर के आधार पर ही तय होता है. जुलाई सितंबर की तिमाही में बीएसएनएल का एजीआर 1,284.12 करोड़ रुपये रहा.

आईएसएल-5 : दिल्ली से भिड़ेगा बेंगलुरु, सभी की निगाहें छत्री पर

नई दिल्ली। दिल्ली डायनामोज के खिलाफ सोमवार को यहां कांतिरावा स्टेडियम में होने वाला मुकाबला बेंगलुरू के कप्तान सुनील छेत्री के लिए खास होगा क्योंकि क्लब के लिए यह उनका 150वां मैच होगा। छेत्री वर्षों से बेंगलुरू एफसी का चेहरा हैं।

हरमनप्रीत कौर टी-20 विश्व कप में हार के बाद भी बनी महिला विश्व एकादश की कप्तान

नई दिल्ली। महिला टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर को रविवार को आईसीसी महिला विश्व टी20 एकादश का कप्तान चुना गया जिसमें सलामी बल्लेबाज स्मृति मंदाना और लेग स्पिनर पूनम यादव भी शामिल हैं।

खुद पर विश्वास रखने वालों का रास्ता देखती हैं मंजिलें

कुछ लोग इतने संवेदनशील होते हैं कि अगर उनका उत्साह टूट जाए तो वे हिम्मत हार जाते हैं। किसी एक क्षेत्र में मिली हार के बाद वे प्रयत्न करना ही बंद कर देते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि योग्यता होने के बावजूद वह औसत या उससे भी निचले दर्जे के व्यक्ति बनकर रह जाते हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि जीवन किसी एक की सफलता पर आधारित नहीं वह तो निरंतर श्रम और प्रयत्न पर निर्भर है। इसलिए हमें कभी भी अपनी परिस्थितियों के आगे घुटने नही टेकने चाहिए बल्कि उनका डट कर मुकाबला करना चाहिए और हिम्मत और धैर्य से काम लेना चाहिए। आज हम आपको एक ऐसे ही व्यक्ति के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे हमें काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

एक युवक ने नामी यूनीवर्सिटी से ग्रैजुएशन की पढ़ाई पूरी की। उसमें स्वाभिमान कूट-कूटकर भरा था। उसने विश्वविद्यालय की शिक्षा भी अपने प्रयत्नों से, अपने श्रम से धन जुटाकर पूरी की और अब उसके पास कुछ भी पूंजी शेष न थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नौकरी खोजने लगा। कई महीने तक उसे नौकरी नहीं मिली। वह निराश हो गया।

कुणाल पांड्या ने खोला राज, खराब प्रदर्शन के बाद वापसी करना संतोषजनक रहा

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई टी20 सीरीज के तीसरे मैच मेंटीम इंडिया ने वापसी करते हुए मेजबान टीम को हराते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर खत्म की. ऑल राउंडर कृणाल पंड्या ने शुरूआती मुकाबले में काफी रन लुटाए लेकिन रविवार को अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत सीरीज बराबर करने में भारत की मदद की, लेकिन उनका कहना है कि ब्रिसबेन में खराब प्रदर्शन के बाद खुद को प्रेरित करना बहुत मुश्किल

था कि वह इस बड़े स्तर के लायक हो.कृणाल ने कहा कि पहले टी20 मैच में खराब प्रदर्शन के बाद वह काफी हतोत्साहित हो गए थे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बेहतरीन करने की जरूरत थी. कृणाल ने इस मैच में चार विकेट लिए और उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया.

करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

उन्होंने 36 रन देकर चार विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को अंतिम टी20 मैच में छह विकेट से हरा दिया. यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी स्पिन गेंदबाज द्वारा टी20 मैच में दिया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है.

नई सुविधा,नागरिकों को 48 घंटे से भी कम समय में जारी होगा पासपोर्ट

नई दिल्ली। वाशिंगटन विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह ने कहा है कि जल्द ही दुनिया भर में बने भारतीय दूतावास विदेशों में रह रहे नागरिकों को 48 घंटे से भी कम समय में पासपोर्ट जारी करेगा. वाशिंगटन में शनिवार को भारतीय दूतावास में 'पासपोर्ट सेवा' शुरू करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए वीके सिंह ने कहा कि भारतीय मिशनों में स्थित पासपोर्ट दफ्तरों को डिजिटल तरीके से भारत में डाटा सेंटर से जोड़ा गया है, जिससे पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी.

जानिए बालूशाही बनाने की रेसिपी

बच्चों के लिए कुछ खास जिसके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं. आजकल बच्चों को मोमोस बहुत पसंद आ रहे हैं और इनकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है. अगर आपको भी घर पर बनाना है तो आज हम आपको इसकी रेसिपी बताने जा रहे हैं जिससे आपको बाहर से नहीं लाना पड़ेगे. आइये जानते हैं अगर 5 लोगों के लिए मोमोस बनाने हैं तो क्या और कितना सामान लगेगा.

मोमोज कवर के लिए :
मैदा-1 कप,
तेल- 1 टीस्पून (मोयन के लिए),
बेकिंग पाउडर-आधा टीस्पून,
नमक- स्वादानुसार

स्टफिंग के लिए :
पनीर -100 ग्राम (मैश्ड), सोया ग्रेन्युल्स- चौथाई कप (उबाले-मैश्ड), पत्तागोभी- चौथाई टीस्पून (कद्दूकस), शिमला मिर्च- आधा कप (बारीक कटी), गाजर-1(बारीक काट), टमाटर -1(बारीक काटा), प्याज 1(बारीक काटा), हरी मिर्च -1-2 (बारीक काटा), लाल मिर्च पाउडर- आधा टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, काली मिर्च आधा टीस्पून (पिसी हुई), बटर- 2-3 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार

विधि :अब बता दें, सोया-पनीर मोमोज बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में मैदा डालें और इसमें तेल, बेकिंग पाउडर, नमक और पानी डालकर अच्छी तरह गूंथ लें और एक घंटे के लिए ढककर रख दें. अब स्टफिंग बनाने के लिए नॉनस्टिक पैन गर्म करें और उसमें दो टीस्पून बटर डालें. जब बटर मेल्ट हो जाए तब इसमें प्याज, हरी मिर्च, पत्तागोभी, गाजर, टमाटर, घिली सॉस, टोमेटो सॉस, नमक और काली मिर्च डालकर पांच मिनट तक फ्राई कर लें. अब इसमें सोया और पनीर डालकर 2 से 3 मिनट भूनें.अब मोमोज बनाने के लिए गूंथे हुए आटे से छोटी-छोटी लोई बना लें और उन्हें गोल पूरी की तरह पतला बेल लें. अब इसमें एक टीस्पून स्टफिंग रखकर चारों तरफ से फोल्ड करते हुए बंद कर दें. इसी तरह से सभी मोमोज को बना लें. मोमोज को सर्विंग प्लेट में निकालकर मोमोज की चटनी के साथ गरमा गर्म सर्व करें. मोमोज को भाप में पकाकर या फिर डीप फ्राई करके भी तैयार किया जाता है.

शब्द सामर्थ्य-99

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, गिफ्ट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रधा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का थड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जगशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 98 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ		र	शि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		वं		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

सू-दोकू-99

	8				1		5	
6			8			2		3
	3			2		1		
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें नवों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. चारों से दायें और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 98 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4

आज का राशिफल

मेष: आज गणेशजी आपको नए कार्य करने की प्रेरणा देंगे। आपके विचारों में स्थिरता का अभाव रहेगा। इस कारण कुछ मामलों में उलझन अनुभव करेंगे। नौकरी या व्यवसाय में रुकावों का सामना करना पड़ सकता है। लघु यात्रा के योग बन रहे हैं।

वृषभ: यादों की स्थिति कहती है कि आज आपके मन में डांवाडोल स्थिति बनी रहेगी। इस कारण महत्वपूर्ण अवसरों से आप वंचित रह सकते हैं। आज नए कार्य के आरंभ के लिए समय अनुकूल नहीं है।

मिथुन: आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रों और मित्रों की प्राप्ति हो सकती है। परिजनों के साथ दिन खूब आनंद में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना अनुभव करेंगे।

कर्क: परिवार में मनमुटाव के कारण परेशानी हो सकती है। मन में दुविधा बनी रह सकती है। इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय आज भर के लिए टालना हितकर है। किसी के साथ गलतफहमी या वाद-विवाद खड़े होने की आशंका है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही तंदुरुस्ती खराब करेगी।

सिंह: गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मन की डांवाडोल स्थिति रहेगी। इस कारण हाथ में आए हुए अवसर को खोने की आशंका है, इसका ध्यान रखें। महिला मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा।

कन्या: गणेशजी की कृपा से नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए मन में बनाई हुई योजनाएं साकार होंगी। पिता के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। उनसे लाभ होगा। व्यापारी और नौकरीवालों को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने का योग है।

तुला: बौद्धिक और साहित्य जगत से जुड़े लोगों के साथ मुलाकात की संभावना है। नए कार्य का आरंभ कर सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा या तीर्थस्थान की यात्रा का आयोजन हो सकता है।

वृश्चिक: गणेशजी कहते हैं कि पार्टी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। वैभिक कार्यों के अतिरिक्त नए कार्य हाथ में लेना उचित नहीं है।

धनु: गणेशजी कहते हैं कि पार्टी, पिकनिक प्रवास, स्वादिष्ट भोजन और वस्त्र-परिधान इत्यादि का लाभ आज के दिन विशेष रूप से आपको मिलेगा।

मकर: गणेशजी कहते हैं कि व्यापार-धंधे के विकास और आर्थिक आयोजन के लिए आज अनुकूल दिन है। वसूली या पैसे का लेन-देन करने में सफलता मिलेगी।

कुंभ: मानसिक अशांति और उद्वेग मंत्र दिन हैं। तेजी से बदलते विचारों के कारण निर्णय लेने में परेशानी हो सकती है। संतान के प्रश्न उलझन में डालेंगे। पेट की बीमारी से पीड़ित होने की आशंका है।

मीन: आज का दिन आपको सायधानी से बिताना चाहिए। पारिवारिक समस्यों के साथ मतभेद पैदा हो सकता है। माता का स्वास्थ्य चिंता का कारण बनेगा।